नाम .................................. अनुक्रमांक ..........................

# वार्षिक परीक्षा, 2024

## सामान्य हिन्दी

## कक्षा—11

C/10,000

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट ]** **[ पूर्णांक : 100**

**निर्देश**—(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों—'क' एवं 'ख' में विभाजित है, दोनों खण्डों के सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।

## खण्ड—'क'

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के विकल्पों में से सही-विकल्प का चयन कीजिए—**

(क) 'जैसे उनके दिन फिरे' निम्न में से किसका कहानी संग्रह है ? 1

(i) फणीश्वरनाथ 'रेणु' (ii) जैनेन्द्र कुमार
(iii) अमरकान्त (iv) हरिशंकर परसाई

(ख) 'कला और संस्कृति' के लेखक हैं— 1

(i) वासुदेवशरण अग्रवाल (ii) डॉ. ए. पी. जे. अब्दुलकलाम
(iii) कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर' (iv) डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी

(ग) 'बाणभट्ट की आत्मकथा' किस विधा की रचना है ? 1

(i) निबन्ध (ii) रेखाचित्र (iii) उपन्यास (iv) आत्मकथा

(घ) 'अतीत के चलचित्र' किस विधा की रचना है ? 1

(i) जीवनी (ii) निबन्ध
(iii) संस्मरण (iv) कहानी

(ङ) द्विवेदी युग के लेखक हैं— 1

(i) सदल मिश्र (ii) मोहन राकेश
(iii) सरदार पूर्ण सिंह (iv) हजारीप्रसाद द्विवेदी

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के विकल्पों में से सही-विकल्प का चयन कीजिए—**

(क) किस कवि को 'राष्ट्रकवि' का सम्मान मिला है ? 1

(i) रामकुमार वर्मा (ii) महादेवी वर्मा
(iii) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' (iv) मैथिलीशरण गुप्त

(ख) 'अज्ञेय' ने 'तारसप्तक' का प्रकाशन किया— 1

(i) सन् 1947 ई. में (ii) सन् 1943 ई. में
(iii) सन् 1950 ई. में (iv) सन् 1931 ई. में

(ग) 'हरिवंश पुराण' के रचनाकार हैं— 1

(i) देवसेन (ii) पुष्पदन्त
(iii) विमलदेव (iv) स्वयंभू

(घ) रीतिकाल का दूसरा नाम है— 1

(i) शृंगार काल (ii) मुक्तक शैली काल
(iii) चमत्कारिक काल (iv) इनमें से सभी

(ङ) द्विवेदी युग का महाकाव्य नहीं है— 1

(i) प्रिय प्रवास (ii) साकेत
(iii) कामायनी (iv) द्वापर

3. **निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—** $2 \times 5 = 10$

गेहूँ की आवश्यकता उसे है ; किन्तु उसकी चेष्टा रही है गेहूँ पर विजय प्राप्त करने की। प्राचीनकाल के उपवास व्रत, तपस्या, आदि उसी चेष्टा के भिन्न-भिन्न रूप रहे हैं।

(क) गद्यांश के पाठ व लेखक का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) लेखक ने मानव के लिए क्या आवश्यक बताया है ?

(घ) लेखक के अनुसार मनुष्य को गेहूँ की आवश्यकता क्यों पड़ती है ?

(ङ) प्राचीन काल से ही मनुष्य व्रत, उपवास और तपस्या करता रहा है, इससे क्या सिद्ध होता है ?

**अथवा**

संसार में यदि अनादि सनातन धर्म है तो वह घुमक्कड़ धर्म है लेकिन वह संकुचित सम्प्रदाय नहीं है वह आकाश की तरह महान है, समुद्र की तरह विशाल है। लेकिन यश और महिमा प्राप्त की है केवल घुमक्कड़ धर्म ही के कारण। प्रभु ईसा घुमक्कड़ थे उनके अनुयायी भी ऐसे घुमक्कड़ थे जिन्होंने ईसा के संदेश को दुनिया के कोने-कोने में पहुँचाया।

(क) गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) संसार का आदि घुमक्कड़ धर्म कौन-सा है ?

(घ) कुछ धर्मों ने यश और महिमा किसके कारण प्राप्त की है ?

(ङ) प्रभु ईसा और उनके अनुयायियों के सन्दर्भ में लेखक ने क्या कहा है ?

4. **निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—** $2 \times 5 = 10$

**बतरस-लालच लाल की मुरली धरी लुकाइ।**
**सौंह करै भौंहुन हँसै दैन कहै नाहि जाइ॥**

(क) पद्यांश की रचना एवं रचनाकार का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) राधाजी ने श्रीकृष्ण की मुरली को क्यों छिपाकर रख दिया ?

(घ) श्रीकृष्ण के द्वारा अपनी मुरली के बारे में पूछे जाने पर राधा क्या करने लगी ?

(ङ) राधा जी ने अपने पास मुरली होने की बात के सन्दर्भ में क्या किया ?

**अथवा**

**जग जस भाजन चातक मीना, नेम पेम निज निपुन नवीना।**
**असमन गुनत चले मग जाता। सकुच सनेहँ सिथिल सब गाता॥**
**फेरति मनहुँ मातु कृत खोरी। चलत भगति बल धीरज धोरी॥**

(क) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) भरत के अनुसार उनकी शरण कौन-सी है ?

(घ) इस संसार में यश के पात्र कौन और क्यों हैं ?

(ङ) भरत को वापिस लौटने के लिए क्या प्रेरित कर रहा है ? और वे फिर भी आगे क्यों बढ़े जा रहे हैं ?

5. (क) **निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का जीवन-परिचय देते हुए उनकी प्रमुख कृतियों का उल्लेख कीजिए—(शब्द सीमा 80 शब्द)** $3 + 2 = 5$

(i) डॉ. सम्पूर्णानन्द (ii) राहुल सांकृत्यायन (iii) आचार्य महावीरप्रसाद द्विवेदी

[11pt,a4paper]article [margin=0.6in]geometry fontspec tabularx



(ख) **निम्नलिखित में से किसी एक कवि का साहित्यिक-परिचय देते हुए उनकी प्रमुख कृतियों का उल्लेख कीजिए—(शब्द सीमा 80 शब्द)** $3+2=5$

(i) महाकवि भूषण (ii) बिहारीलाल (iii) सूरदास

6. **भाषा-शैली की दृष्टि से 'समय' कहानी की समीक्षा कीजिए—(शब्द सीमा 80 शब्द)** **5**

**अथवा**

**'प्रायश्चित' कहानी के एकमात्र पुरुषपात्र पण्डित परमसुख के चरित्र और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।**

7. **स्वपठित नाटक के शीर्षक की सार्थकता को स्पष्ट कीजिए—(शब्द सीमा 80 शब्द)** **5**

**अथवा**

**स्वठित नाटक के प्रथम अंक की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए—**

## खण्ड—ख

8. (क) **निम्नलिखित संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश का सन्दर्भ-सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए—** $2+5=7$

एको वृद्ध व्याघ्र: स्नात: कुशहस्त: सरस्तीरे ब्रूते—भो: भो: पान्था ! इदं सुवर्ण-कङ्कणं गृह्यताम्। ततो लोभाकृष्टेन केनचिद् पान्थेनालोचितम्—भाग्ये नेतत् सम्भवति—किन्तु अस्मिन् आत्मसन्देहे प्रवृत्तिनं विधेया।

**अथवा**

अयं पर्वतराज: भारतवर्षस्य उत्तरसीम्नि स्थित: तत् प्रहरीव शत्रुभ्य: सततं रक्षति, हिमालयदेव समुद्गम्य गङ्गा-सिन्धु-ब्रह्मपुत्राख्या: महानद्य:, शतद्रि: विपाशा: यमुना-सरयू-गण्डकी नारायणी, कौशिकी प्रभृतय: नद्यश्च समस्तामपि उत्तरभारतभुवं स्वकीयै: तीर्थोदकै: न केवलं पुनन्ति, अपितु इमां शस्य श्यामलामपि कुर्वन्ति।

(ख) **निम्नलिखित संस्कृत पद्यांशों में से किसी एक पद्यांश का सन्दर्भ-सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए—** $2+5=7$

ये नास्तिका निष्क्रियाश्च गुरुशास्त्रातिलङ्घिन:।
अधर्मज्ञा दुराचारास्ते भवन्ति गतायुष:॥

**अथवा**

देहिनोऽस्मिन् यथा देहे कौमारं यौवनं जरा।
तथा देहान्तर प्राप्ति धीरस्तत्र न मुह्यति॥

9. **निम्नलिखित में से किसी एक लोकोक्ति अथवा मुहावरे का अर्थ लिखकर उसका वाक्य प्रयोग कीजिए—** $1+1=2$

(i) एक पन्थ दो काज होना (ii) हवा हो जाना
(iii) इधर कुआँ उधर खाई (iv) पानी उतर जाना

10. (क) **निम्नलिखित शब्दों के सन्धि-विच्छेद के सही विकल्प का चयन कीजिए—**

(i) 'जयति' का सन्धि विच्छेद है— **1**
(अ) जय + अति (ब) ज + यति
(स) जे + अति (द) जय + ति

(ii) 'महर्षि' का सन्धि-विच्छेद है— **1**
(अ) राजा + ऋर्षि: (ब) राजा + रिषि:
(स) राज + ऋषि: (द) रा + जर्षि:

(iii) 'सदैव' का सन्धि-विच्छेद है— **1**
(अ) सदा + एव (ब) सदा + एव
(स) सदा + ऐव (द) सत् + एव

**(ख) निम्न शब्दों में विभक्ति व वचन स्पष्ट कीजिए—**

(i) 'जगति' में विभक्ति व वचन है— 1
(अ) पंचमी, एकवचन (ब) षष्ठी, द्विवचन
(स) सप्तमी, बहुवचन (द) सप्तमी, एकवचन

(ii) 'आत्मानम्' में विभक्ति व वचन है— 1
(अ) प्रथमा, द्विवचन (ब) द्वितीया, द्विवचन
(स) चतुर्थी, बहुवचन (द) द्वितीया, एकवचन

11. (क) **निम्न में से किसी एक शब्द के दो अर्थ लिखिए—** $1 + 1 = 2$
(i) गति (ii) पंचानन (iii) कनक

**(ख) निम्नलिखित शब्द-युग्मों का सही अर्थ चयन करके लिखिए—**

(i) अग—अघ— 1
(अ) आगे–पीछे (ब) अचल–पाप
(स) नया–पुराना (द) सम्पूर्ण–पुण्य

(ii) भवन—भुवन— 1
(अ) संसार और घर (ब) घर और परिवार
(स) घर और संसार (द) परिवार और घर

**(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द का चयन करके लिखिए—**

(i) किसी मत या नेता का अनुसरण करने वाला— 1
(अ) अनुयायी (ब) अनुगामी
(स) अनुसरण (द) अनुसरणी

(ii) वन में लगने वाली आग— 1
(अ) दावानल (ब) वनाग्नि
(स) दावाग्नि (द) आग्नेय

**(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए—** $1 + 1 = 2$
(i) गुलाब का फूल लाल रंग का होता है।
(ii) यह सन्तरे मीठे हैं।
(iii) मुझे चाय का गर्म प्याला दो।
(iv) कौन में दोष नहीं होता।

12. (क) **'वीर रस' अथवा 'शान्त रस' का स्थायीभाव के साथ उसकी परिभाषा व उदाहरण दीजिए।** 2

(ख) **'रूपक' अथवा 'श्लेष' अलंकार का लक्षण अथवा उदाहरण लिखिए।** 2

(ग) **'चौपाई' अथवा 'रोला' छन्द का मात्रा सहित लक्षण अथवा उदाहरण लिखिए।** 2

13. **ग्राम पंचायतों के चुनाव में मतदान केन्द्र पर हुई गड़बड़ियों का उल्लेख करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखिए।** $2 + 4 = 6$

**अथवा**

**अपने जिले के स्वास्थ्य अधिकारी के नाम एक पत्र लिखिए, जिसमें गाँव के संक्रामक रोग फैलने की सूचना दी गयी हो।**

14. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अपनी भाषा-शैली में निबन्ध लिखिए—** $2 + 7 = 9$
(i) योग और स्वास्थ्य
(ii) हमारे पड़ोसी देश
(iii) हमारा पर्यावरण
(iv) बेरोजगारी की समस्या